उत्तर पश्चिम रेलवे

रेल भर्ती कक्ष,
पावर हाऊस रोड़,
जयपुर–302006
वेबसाइट www.rrcjaipur.in

सं 740ई / आरआरसी / स्काउट एवं गाईड / 2023–24

दिनांक 11.06.2024

महत्वपूर्ण सूचना

सर्व सम्बन्धित

विषय :–स्काउट एवं गाईड कोटे के अंतर्गत वर्ष 2023–24 में लेवल–1 के पदों पर भर्ती के संबंध में
संदर्भः– इस कार्यालय द्वारा जारी परिणाम दिनांक 25.04.2024.

रोजगार सूचना संख्या 06 / 2023 (S&G/RRC/NWR) दिनांक 14.12.2023 के तहत अधिसूचित लेवल–1 की 08 रिक्तियों पर भर्ती हेतु दिनांक 22.03.2024 को प्रथम पारी में आयोजित हुई सीबीटी एवं लिखित परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर शॉर्टलिस्टेड किये गये उम्मीदवारों का परिणाम दिनांक 25.04.2024 को जारी किया गया था।

उक्त परीक्षा के आधार पर उपरोक्त सन्दर्भ द्वारा प्रमाण पत्रों के अंको के मूल्यांकन एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए अनन्तिम (प्रोविजनली) रूप से शॉर्टलिस्टेड किये गये उम्मीदवार अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्नानुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें:–

लेवल–1 के शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों हेतु	दिनांक / समय	स्थान
दस्तावेज सत्यापन	20.06.2024 प्रातः 10.00 बजे	रेलवे भर्ती कक्ष, पावर हाउस रोड़, डीआरएम ऑफिस के सामने, जयपुर।
प्रमाण पत्रों के अंको के मूल्यांकन	21.06.2024 प्रातः 10.00 बजे	

उपरोक्त सभी शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवार (कुल 41) निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर सभी मूल दस्तावेजों, शैक्षणिक एवं स्काउट व गाईड प्रमाण पत्रों, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि के साथ (दो सेट स्व–सत्यापित फोटो प्रति सहित) प्रमाण पत्रों के अंको के मूल्यांकन एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होवें। अन्य पिछडा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यार्थी आवेदन पत्र के साथ संलग्न जाति प्रमाण पत्र के अलावा केन्द्र सरकार के प्रारूप में वर्तमान वित्तीय वर्ष का नवीनतम मान्य जाति प्रमाण पत्र अवश्य लावें।

उक्त आयोजन में उपस्थिति हेतु शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों को ई–कॉल लेटर डाउनलोड करने हेतु रेलवे भर्ती कक्ष की वेबसाईट पर लिंक उपलब्ध कराया जाएगा।

इस भर्ती से संबंधित अन्य अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित उम्मीदवार आरआरसी, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट *www.rrcjaipur.in* का निरन्तर अवलोकन करते रहे।

अध्यक्ष, रेलवे भर्ती कक्ष, उपरे